new sugar factories, involving an annual sugar production capacity of about 26.1106 lakh tonnes, some of which are likely to be set up during the 8th Five Year Plan period. Out of the said 71 sugar factories, 5 proposals pertain to Orissa. The State-wise and sector-wise list of Letters of Intent issued for setting up of new sugar factories during the 7th Five Year Plan as on 28-2-1990 is annexed hereto. [*See* Appendix CLIII, Annexure No. 90].

Functioning of Lamps in Tribal areas

2153. SHRI JAGADISH JANI : Will the Minister of WELFARE be pleased to state :

(a) whether the Large Sized Multi purpose Co-operative Societies (LAMPS) have been functioning in the tribal areas in the country;

(b) whether there is a need to restructure the LAMPS to provide better services to the tribals; and

(c) if so, the details thereof; and the steps taken or proposed to be taken in this regard ?

THE MINISTER OF LABOUR AND WELFARE (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) There is no proposal at present, at the Central Government level, for restructuring of the Large Sized Multipurpose Cooperative Societies (LAMPS). However, the Working Group on Development of Scheduled Tribes during Eighth Five Year Plan has gone into the question of *improving the performance of* LAMPS, and has given a number of suggestions. The Report of the Working Group is now with the Planning Commission for consideration.

पूर्वी दिल्ली में सड़कों की मरम्मत

2154. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली में जे.जे. कालोनी, सीलमपुर फेज–I और II में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा बनायी जा रही सड़कें ऊची-नीची हैं और बरसात के मौसम में इन सड़कों पर पानी भरा रहता है तथा इनके निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री के उपयोग में लाये जाने के कारण ये बनते ही उखड़ गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन सड़कों की मरम्मत करने का विचार रखती है; और यदि हां, तो कब तक; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि 1-6-88 वह तारीख जबसे झुग्गी-झोंपड़ी पुनर्वास कालोनी सीलमपुर चरण–I और II को दिल्ली विकास प्राधिकारण से दिल्ली नगर निगम को स्थानान्तरित किया गया था, से साधारण टूट-फूट के लिए सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत की जा रही है, इस प्रयोजनार्थ उपयोग में लाई जा रही सामग्री भी अनुमोदित विशिष्टियों के अनुसार है, सड़कों के ढलान ठीक हैं और इनमें पानी नहीं रुकता है।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

पूर्वी दिल्ली में नये राशन कार्डों के जारी किए जाने के लिए धनराशि का वसूल किया जाना

2155. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली में खाद्य और नागरिक पूर्ति विभाग के सभी मण्डलों में कार्यरत लिपिक नये राशन कार्डों को जारी करते समय प्रत्येक आवेदक से 10 रुपये से लेकर 20 रुपये तक लेते रहे हैं :

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रथा को रोकने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है; और यदि नहीं, तो क्या सरकार इस मामले में कोई जांच कराने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री नाथू राम मिर्धा) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

खाद्य और नागरिक पूर्ति विभाग, दिल्ली के निरीक्षकों के विरुद्ध शिकायतें

2156. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान खाद्य और नागरिक पूर्ति विभाग के पूर्वी दिल्ली के मण्डलों में नियुक्त निरीक्षकों द्वारा रिश्वत लिये जाने तथा शक्ति का दुरुपयोग किये जाने के विरुद्ध विभिन्न समितियों तथा नागरिकों से अब तक कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) कितने निरीक्षकों के विरुद्ध ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनके विरुद्ध किस प्रकार के आरोप लगाये गये हैं ; और

(ग) प्रत्येक शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है या किये जाने का विचार है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री नाथू राम मिर्धा) : (क) दिल्ली प्रशासन ने बताया है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान 58 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

(ख) जिन निरीक्षकों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनकी संख्या 32 है। लगाए गए आरोप सामान्यतया परेशान करने, विभागीय अनुदेशों के अनुपालन में अनियमितता बरतने, अवैध रूप से तुष्टिकरण इत्यादि से सम्बन्धित हैं।

(ग) जिन मामलों में आरोप सिद्ध हो गए उनमें उपयुक्त कार्रवाई की गई है। तथापि, अधिकांश शिकायतों को जांच करने के बाद तथ्यों पर आधारित नहीं पाया गया। शिकायतें तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।

दिल्ली में नये राशनकार्डों का जारी किया जाना

2157. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले छः माह के दौरान नये राशन कार्डों के जारी किये जाने के लिए पूर्वी दिल्ली में खाद्य और नागरिक पूर्ति विभाग के सभी मंडलों में कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) प्रत्येक मंडल में निपटा दिये गये तथा लम्बित पड़े आवेदन-पत्रों की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ग) कितने आवेदनों को रद्द कर दिया गया है; और

(घ) इसके क्या कारण हैं और लम्बित पड़े आवेदनों का कब तक निपटान कर दिये जाने की सम्भावना है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री नाथू राम मिर्धा) : (क) से (ग)